प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 17.01.2025

- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की धनराशि को कराया गया वापस।**
- **शिकायतकर्ता के साथ आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से ₹ 10,000 की धोखाधड़ी की गयी थी ।**
- **शिकायतकर्ता की सम्पूर्ण धनराशि ₹ 10,000 को कराया गया वापस।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री अंकित पुत्र विमल कुमार निवासी फत्तेपुर मैथा पोस्ट रास्तपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात के बडौदा यूपी ग्रामीण बैंक के खाते से दिनांक 10.12.2024 को आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से ठगी करते हुए ₹10,000 निकाल लिये गये थे । शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर ऑनलाइन शिकायत की गयी जिस पर त्वरित जांच एवं कार्यवाही के क्रम में थाना शिवली साइबर सेल हेल्प डेस्क द्वारा आज दिनांक 17.01.2025 को शिकायतकर्ता की सम्पूर्ण धनराशि ₹ 10,000/- उनके खाते में वापस कराये गये । पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

10,000 रुपये

धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री हरमीत सिंह
2. का0 नितिन
3. म0का0 प्रीती सोनकर